कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा करवाए जागरूकता कैम्प में मौजूद अधिकारी व उद्योगपति।

आधार सीडिंग के लिए जागरूकता शिविर लगाया

जालन्धर, 16 सितम्बर (शिव): उप क्षेत्रीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा निगम जालन्धर द्वारा फ्री विल स्पोर्ट्स इंडस्ट्रीज़ लैदर काम्पलैक्स में ऐसिक जागरूकता व आधार सीडिंग कैम्प लगाया गया। कैम्प में श्री सुनील कुमार यादव, डिप्टी डायरैक्टर इंचार्ज व दीपक कुमार सहायक डायरैक्टर ने बीमा करवाने वाले व्यक्तियों को ईएसआईसी के सभी लाभों के साथ-साथ नवीनतम योजनाओं जैसे कि बीमारी लाभ, व्यापक बीमारी लाभ, अस्थाई दिव्यांगता व प्रसूति का आनलाइन दावा लाभ लेने बारे जानकारी प्रदान की। बीमा वाले व्यक्तियों की समस्याओं का मौके पर हल किया गया। उनके साथ रमेश लाल सुपरिटैंडैंट, शाम सुंदर ब्रांच मैनेजर व दीपक सामाजिक सुरक्षा अधिकारी ने भी बीमा वाले व्यक्तियों को सम्बोधित किया और उन्हें आधार सीडिंग के लिए प्रेरित किया। इस समागम में कृपाल सिंह, रश्मि, मोहित प्रभाकर, अमनदीप एच.आर. हैड, शशि रंजन, विशाल अरोड़ा की ईवेंट मैनेजर ने प्रशंसा की।